卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य: शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 313 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦25 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सीबीआई ने हरक सिंह रावत से की दो घंटे पूछताछ

### पाखरो रेंज घोटाले में हरक सिंह रावत ने सीबीआई को तत्कालीन मुख्यमंत्री और ब्यूरोक्रेटस से जुड़े कई दस्तावेज सीबीआई को सौंपे, चर्चायें हुई तेज

देहरादून(उद संवाददाता)। पाखरो रेंज घोटाले के संबंध में सीबीआई ने पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत से करीब दो घंटे तक पूछताछ की। पिछले दिनों हुई पूछताछ के दौरान हरक सिंह रावत ने भी सीबीआई को कुछ गोपनीय दस्तावेज सौंपे हैं। रावत का कहना है कि उनका इस मामले में कोई लेना-देना नहीं है। पाखरो रेंज टाइगर सफारी घोटाले मामले में सीबीआई की जांच चल रही है। इसी बीच पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत ने बड़ा खुलासा किया है। जिसके बाद से एक बार फिर पाखरो रेंज घोटाले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हरक सिंह रावत ने सीबीआई को तत्कालीन मुख्यमंत्री और ब्यूरोक्रेटस से जुड़े ऐसे



दस्तावेज सीबीआई को सौंपे हैं जिस से इस मामले में उनकी संलिप्तता का भी खुलासा होगा। हरदा के अनुसार मंत्री होने के नाते उनके पास कई फाइलें आती थीं। सब कुछ नियमों के अनुसार किया जा रहा था। रावत ने इस मामले में कुछ और नेताओं का नाम भी लिया है। हालांकि, अभी सीबीआई इस मामले में जांच कर रही है। खरो टाइगर सफारी घोटाले मामले की जांच जारी है लेकिन अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। इस घोटाले को लेकर पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने इस मामले में कुछ लोगों की संलिप्तता होने की बात कही है। सूत्रों की मानें तो हरक सिंह रावत ने सीबीआई को तत्कालीन मुख्यमंत्री और अधिकारियों से जुड़े कुछ गोपनीय दस्तावेज सौंपे हैं। जिस से इस घोटाले में संलिप्त कुछ और लोगों के नामों का खुलासा हो सकता है। बता दें कि पाखरो टाइगर सफारी घोटाले मामले में तत्कालीन डीएफओ किशन चंद की तैनाती से जुड़े भी कई सवाल उठे। सूत्रों की मानें तो **( शेष पेज सात पर )**

## हत्याकांड के आरोपी दो सगे भाईयों को किया गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नानकसागर डैम पार सोते भाईयों पर हमला कर सगे भतीजे को उनके दो चाचा ने ही जमीन के विवाद के चलते धारधार हथियार से हत्या की थी। पुलिस ने हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुये रामपुरी चाकू के



साथ दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सितारगंज बहादुर सिंह चौहान ने प्रेस को बताया कि शुक्रवार की रात्रि**( शेष पेज सात पर )**

## दो मासूम बेटियों की मां ने लगाई फांसी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम लालपुर में गत दिवस अज्ञात कारणों के चलते दो मासूम पुत्रियों की मां ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। जानकारी के अनु सार मूल रूप से ग्राम घनाखेड़ा थाना अचलगंज जिला उन्नाव निवासी ब्रजलाल ग्राम लालपुर में अपनी पत्नी 28 वर्षीय मनीषा, 5 वर्षीय पुत्री मानसी व दो वर्षीय पुत्री दीपांशी के साथ किराये के मकान में रहता है और एक फैक्ट्री में काम कर परिवार का भरण पोषण करता है। बताया जाता है कि गत दिवस प्रात: पुत्री मानसी स्कूल में चली गई थी और ब्रजलाल खाना खाकर ड्यूटी के लिए चला गया था। घर में मनीषा और उसकी दो वर्षीय पुत्री दीपांशी ही मौजूद थे। दोपहर स्कूल की छुट्टी होने पर जब



मनीषा पुत्री मानसी को लेने के लिए स्कूल नहीं पहुंची तो एक अध्यापक ने उसे फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। काफी प्रयासों के बाद भी जब फोन रिसीव नहीं हुआ तो अध्यापक मानसी को घर लेकर आये। जहां घर का दरवाजा भीतर से बंद था। उन्होंने पड़ोस के लोगों को इसकी जानकारी दी। किसी तरह जब दरवाजा खोला गया तो अन्दर मनीषा को फांसी पर लटका पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पति ब्रजलाल व पुलिस कर्मी भी मौके पर आ गये। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव अपने कब्जे में लिया और पति से आवश्यक जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामले की जानकारी ग्राम अजनैन तहसील हसनगंज जिला उन्नाव निवासी मृतका के परिजनों को दे दी गई है।

## डीडी चौक व रोडवेज गेट पर खड़े नहीं होंगे टेम्पो

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यातायात पुलिस के निरीक्षक नरेंद्र आर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज डी डी चौक से ट्रांजिट कैम्प मोड़ तक टेम्पो व ई रिक्शा द्वारा फैलाई जा रही अव्यवस्थाओं के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। निरीक्षक नरेंद्र आर्य ने कहा कि किच्छा बाईपास रोड से आने वाले टेम्पो व ई रिक्शा चालक सवारी रोडवेज गेट से पहले विश्वकर्मा मंदिर के पास उतारेंगे। उसके बाद बिना वहां रुके महाराजा पेलेस के आगे रामलीला मैदान के पास ही खड़े होंगे। इसके लिए उन्होंने आवास विकास, खेड़ा व ट्रांजिट कैम्प नाम से तीन स्टेंड भी बनाए जहां उक्त स्थानों को जाने वाले वहां खड़े होंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि जो भी टेम्पो या ई रिक्शा चालक नियमों



को तोड़ेगा उसका वहां सीज कर दिया जायेगा। इसके लिए स्वयं वाहन चालक ही दोषी होगा। इस दौरान रोडवेज गेट के पास यातायात सुचारू बना रहा। पुलिस टीम में यातायात निरीक्षक नरेंद्र आर्य, टीएसआई धनपाल सिंह, हेड कानि. इन्द्र भंडारी, रवींद्र सिंह, हेड कांस्टेबल राजेंद्र प्रसाद, सुरेश नाथ, सुरेश लाल, कानि. जितेंद्र तिवारी, कैलाश सिंह, क्रेन चालक ऑपरेटर चालक योगेश जोशी, होमगार्ड कर्मचारी**( शेष पेज सात पर )**

## पीएम मोदी ने उत्तराखंड के रक्षित से फोन पर की बात

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' कार्यक्रम में अंतरिक्ष जगत से जुड़े युवाओं से बात की। इस दौरान उन्होंने स्पेस



सेक्टर में उत्कृष्ठ कार्य कर रहे अल्मोड़ा के रक्षित से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने स्पेस्टेक स्टार्टअप गेलेक्सी आई के विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने अल्मोड़ा की प्रसिद्ध बाल मिठाई एवं प्रदेश के बैडमिंटन खिलाडी लक्ष्य सेन का जिक्र भी किया। मन की बात कार्यक्रम में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज हमारे प्रदेश के युवा प्रत्येक सेक्टर में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उत्तराखंड के लोगों से मन की बात के दौरन बात करना उत्तराखण्ड के प्रति पीएम के **( शेष पेज सात पर )**

## भ्रष्टाचार में लिप्त है उधमसिंह नगर पुलिस: बेहड़

### तस्लीम जहां मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर युकाईयों ने दिया धरना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक निजी चिकित्सालय की नर्स तस्लीम जहां की हुई हत्या के मामले की सीबीआई जांच कराये जाने की मांग को लेकर आज गांधी पार्क में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना स्थल पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते किच्छा के विध ायक तिलकराज बेहड़ ने जनपद पुलिस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यहां की पुलिस से किसी प्रकार से न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती है। जनपद मुखिया सहित पूरा पुलिस महकमा पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। उन्होंने कहा कि तसलीम जहां मामले में पुलिस खुलासे के नाम पर महज खानापूर्ति कर रही है। इस मामले में और कौन लोग शामिल हैं उनके नामों का भी खुलासा कर उन्हें सलाखों के पीछे बंद किया जाना चाहिए। श्री बेहड़ ने कहा कि पुलिस की मिलीभगत से ओवर लोड वाहन बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं वहीं नो इंट्री में भी भारी वाहन शहरों में प्रवेश कर रहे हैं।**( शेष पेज सात पर )**




## मारपीट से आक्रोशित पालिका कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

### आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज, शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर पालिका के कर्मचारी से ड्यूटी के दौरान मारपीट किए जाने से गुस्साए पालिका कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की तथा एक ज्ञापन एसडीएम कौस्तुभ मिश्र को सौंपते जांच शुरू कर दी है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विनोद



कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर अनिश्चित हड़ताल पर चले गए हैं। एसडीएम हुए सुरक्षा की भी गुहार लगाई। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कुमार एवं वरिष्ठ कर्मचारी व भाजपा अनुसूचित मोर्चा**( शेष पेज सात पर )**

### कर्मचारियों को मनाने आया भाजपा का शिष्टमंडल, नहीं माने

किच्छा। भाजपा नेता द्वारा नगर पालिका कर्मचारी के साथ मारपीट किए जाने को लेकर हड़ताल पर गए कर्मचारियों को मनाने आया भाजपा का शिष्ट मंडल भी हड़ताली कर्मचारियों को नहीं मना पाया। श्रेष्ठ मंडल में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक सक्सेना देवेंद्र कुमार शर्मा गोल्डी गोरिया सुजात खान विवेक **( शेष पेज सात पर )**

## एक घंटे तक नहीं आई एंबुलेंस घायल युवक की रास्ते में मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सड़क दुर्घटना के बाद सूचना देने के एक घंटा बाद तक भी जीवनदायिनी एम्बुलेंस के न पहुंचने से घायल एक युवक द्वारा दमंती देनेवाला मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गत देर सायं भवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत भीमताल से भवाली जा रही स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर रपट गई। जिससे स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगो ने घायलों को सीएचसी भवाली पहुँचाया जहां हालत गंभीर होने पर हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल को भेजा गया। लेकिन रास्ते में ही एक युवक ने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि हिमांशु निवासी ल्वेशाल, विवेक पुत्र प्रकाश चन्द्र निवासी ल्वेशाल भीमताल से भवाली अपने निजी काम से जा रहे थे। इस दौरान फरसौली



क्षेत्र के पास स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क में गिर गई। आस पास के लोगो ने 108 को फोन कर घटना की जानकारी दी। लेकिन 1 घण्टे तक एम्बुलेंस नही आने से घायलों को अस्पताल नही पहुँचाया जा सका। स्थानीय**( शेष पेज सात पर )**

# मदरसों का सत्यापन के साथ यौन उत्पीड़न की जांच कराने की मांग

## विधायक शिव अरोरा ने हिन्दु संगठनों संग डीएम और एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपु र (उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व मे समस्त हिन्दु संगठन द्वारा मस्जिदों कि आड़ मे चल रहे अवैध मदरसों व मदरसों मे आये दिन मौलवियों द्वारा हो रहे बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न के खिलाफ कलेक्ट्रेट स्थित जिला अधिकारी के नाम एक ज्ञापन एडीएम पंकज उपाध्याय व पुलिस यौन उत्पीड़न कर रहा था। जिसको विध ायक द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान सदन मे उठाया गया था, तो वही आज विध ायक शिव अरोरा ने जिला अधिकारी व एसएसपी उधम सिंह नगर के नाम लिखित ज्ञापन देकर माग कि मलासी कि जांच व उसमे रहने वाले मौलवियों का सत्यापन ओर उनके आपराधिक रिकॉर्ड की विस्तृत जांच हो ओर जो भी दोषी पाया जाये उसके खिलाफ रासुका, गुंडा एक्ट जिला बदर जैसी सख्त कार्यवाही हो ओर अवैध मदरसों को बुलडोजर वाले उस मौलवी के खिलाफ बोलने पर उनके मुँह मे ताले क्यों लग जाते है आखिर क्यों इस मदरसे की घटना पर उन मासूम बच्चियों के साथ वह कांग्रेस के नेता खडे नजर नहीं आते सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करने वाले कांग्रेस को डर है बड़े मामले मे दरी बिछाकर अपनी राजनीति करने वाले इस मदरसे की अमानवीय घटना पर मोन क्यों है क्यों उनको उन मासूम का दर्द नजर नहीं आता।वही एसएसपी उधम सिंह नगर ने आश्वास्त किया उस मालसी गांव की दल से विराट आर्य, किरन विर्क, अनमोल विर्क, राधेश शर्मा, राजेश जग्गा प्रमोद शर्मा बिट्टू शर्मा, दीनू साना, मयंक कक्कड़, मनोज छाबड़ा, संदीप राव, राजेश कामरा, मनोज मदान, लालमन कोली, चंद्रप्रकाश कोली, चन्द्रसेन कोली, सुनील यादव, मुकेश रस्तोगी, धीरेश गुप्ता, योगेश वर्मा, हरीश भट्ट, आयुष





लाइन स्थित एसएसपी मंजूनाथ टीसी से उनके कार्यालय मे मुलाकात कर ज्ञापन सौपा। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने स्पष्ट कहा कि विगत दिनों मलसी गांव मे मस्जिद कि आड़ मे अवैध मदरसा चालकर मौलवी उसमे छोटी छोटी मासूम बच्चियों के साथ पोर्न वीडियो दिखा कर घटना मे पोस्को एक्ट मे कार्यवाही हो ओर सख्त से सख्त धराओ लगाकर मौलवी को फांसी कि सजा हो जिसने छोटी छोटी मासूम बच्चियों के साथ राक्षस जैसी प्रवर्ती का घिनोना कार्य किया है,साथ हीं पूरे उधम सिंह नगर जिला मे एक जांच अभियान चालकर अवैध मदरसों कि चलाकरध्वस्त किया जाये। विधायक शिव अरोरा उन बच्चियों की सुरक्षा रक्षा का दायित्व हमारा है देवभूमि उत्तराखंड मे ऐसी घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। वही विधायक शिव अरोरा ने विपक्ष के लोगो पर हमला बोला की हर मामले मे सड़क पर धरना प्रदर्शन करने मौलवी के खिलाफ बोलने पर उनका वोट बैंक खतरे मे न आ जाये, आखिर तुष्ठिकरण की राजनीति के चक्कर मे मदरसों को संरक्षण देने वाले लोग बाज आये ऐसी घटिया राजनीति से जनता कभी माफ नहीं करेगी।विधायक शिव अरोरा ने उन रुद्रपुर के नेता से भी पूछा हर छोटे घटना पर हम गंभीरता से लिया है ओर कठोर कार्यवाही उसमे की जा रही है, साथ हीं पूरे जिले मे व टीम गठित कर इसमें सत्यापन अभियान चलाएंगे। इस दौरान ज्ञापन देने वालों मे दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, जिला महामंत्री अमित नारंग, सुरेश कोली, तरुण दत्ता, उपेन्द्र चौधरी, गौ रक्षा चिलाना, राजा भरद्वाज, राधे, कृष्ण पाल, विजय डे, नरेश उप्रेती, निमित्त शर्मा, कुदीप सिंह, राजीव शुक्ला, जगदीश विश्वास, नमन चावला, आदेश, बिट्टू चौहान, संजय हलदार, बलाई विश्वास, मुकेश रस्तोगी, कैलाश राठौर, के के दास, मंदीप वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आपत्तिकर्ताओं के समक्ष हुई सुनवाई

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद किच्छा से सिरौलीकला क्षेत्र एवं नगला नगर पालिका से गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर को विश्वविद्यालय परिसर से 07 एवं किच्छा निकाय व सिरौलीकला से 11 सुझाव/आपत्तियां प्राप्त हुई। जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में गठित समिति अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप सुनवाई के दौरान उप जिलाधिकारी किच्छा कौस्तुभ मिश्र, गौरव पाण्डेय, ओसी डॉ0 अमृता शर्मा, सहायक पंचायतराज अधिकारी महेश कुमार, राजेश प्रताप सिंह, नईमलशान खॉ, मो0 ताहिर मलिक, मौ0



तत्काल प्रभाव से पृथक किये जाने का प्रस्ताव किया है। जिस पर दोनों निकायों के जनता एवं जनप्रतिनिधियों से 23 अगस्त तक सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित की गयी थी। जिसमे नगला निकाय व गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, गौरव पाण्डेय, ओसी डॉ0 अमृता शर्मा ने शनिवार को डॉ0 एपीजे सभागार कलेक्ट्रेट में दोनों निकायों के जनता व जनप्रतिनिधियों के प्राप्त कुल 18 सुझाव एवं आपत्तियों की आपत्तिकर्ताओ के समक्ष सुनवाई की गयी। इमरान, अबरार अहमद, संतोष कुमार सिंह, सईदुल रहमान, तसलीम रजा, नाजिम मलिक, मो0 आरिफ कुरैशी, जनार्दन सिंह, अकिल, यूसूफ,देवेन्द्र कुमार शर्मा, कुलवन्त सिंह, कन्हैया लाल, सचिन शर्मा, सुमित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थी।

# एसके इंजीनियर्स और शैल लुबिकेंटस ऐसासिएशन की रजत जयन्ती का आयोजन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शैल लुबिकेंटस के अधिकृत विक्रेता एस के इंजीनियर्स, रुद्रपुर के साथ अपनी 25 वीं वर्षगाठ का उत्सव कस्टमर मीट के माध्यम से मनाया । यह भव्य समारोह रेडिसन ब्लु होटल, रुद्रपुर में हुआ, जिसमें शैल इंण्डिया कम्पनी, गुडगाँव के प्रमुख तकनीकी अधिकारियों द्वारा प्रजेंटेशन देकर सभी कम्पनी के प्लांट हेड, मेनेजर और मेकेनिकल हेड को बताया कि शैल लुब्रिकेंटस के वर्ल्ड क्लास प्रोडक्टस से उनकी मॅहगी और संवेदनशील मशीनो पर कम से कम सर्च कर ज्यादा से ज्यादा आउटपुट मिलता है, उन्होने यह भी बताया कि जैसे हम अपन स्वास्थ के लिए बल्ड सैम्पल टेस्ट कराते है, ठीक उसी प्रकार से ऑयल सैम्पल टेस्ट को समय समय पर कराने से मशीनो को भी स्वस्थ रखा जा सकता व रखरखाव मुक्त बनाया जा सकता है।ऑयल सेम्पल टेस्ट की सुविध




ा भी शैल में उपलब्ध है, जिससे मशीनो के अंदर आने वाली कमियों का पता लगाया जा सकता है।कम्पनी द्वारा यह भी बताया कि युजड ऑयज के निस्तारण की विधि को भी तकनीकी तरीके से अपनाया जाना चहिए और पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का हमारा ही दायित्व हैं । एस. के इंजीनियर्स के निदेशक श्री संजीव मलिक ने अपनी सेल्स टीम शैल इण्डिया, गुडगॉव क अधिकारियों व खटीमा, रामपुर, काशीपुर बाजपुर एवं सिडकुल में स्थित सभी उद्योग से आये लगभग 150 आगन्तुको को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए सप्रेम धन्यवाद दिया।

# बुजुर्ग को टक्कर मारकर पिकअप चालक हुआ फरार

## दिव्यांग शादाब को समाज सेवी गाबा व उनके साथियों ने पहुंचाया अस्पताल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कस्बा लालपुर मैं राष्ट्रीय राजमार्ग में एक बार फिर हिट और रन का मामला सामने आया है। लालपुर के किसान इंटर कॉलेज के पास टेलरिंग का कार्य करने वाले दिव्यांग शादाब को पिकअप वाहन संख्या नच 26 5494 ने साइड मारकर घायल कर दिया। साइड लगते ही दिव्यांग शादाब गिर गए और अचेत हो गए। पिकअप चालक ने गाड़ी रोकने की बजाय उसे तेज गति से दौड़ा दिया और मौके से फरार हो गया। घटना होते ही वहां पर आसपास बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी जुड़ गए राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीड़ लगी देख मौके से गुजर रहे समाजसेवी सुशील गाबा ने घायल शादाब को अपने साथियों हरमीत सिंह रंधावा हैप्पी तथा फरियाद की सहायता से अपनी गाड़ी से रुद्रपुर स्थिति में अस्पताल में पहुंचा जहां पर घायल का इलाज चल रहा है। श्री गाबा ने आम जनता से अपील की है कि वह सड़क पर आराम से यातायात नियमों का पालन करते हुए चले और और पैदल राहगीर भी अपनी साइड में चले ताकि दुर्घटनाएं कम हो। श्री गाबा ने आये दिन बढ़ती दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए क्षेत्र मे व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के लिए पुलिस प्रशासन से अपील की है।



# शिव शक्ति मंदिर के पास स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास निवासी समाज सेवी अरविंद मामू ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर उनसे आवास विकास में शिव शक्ति मंदिर के पास स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि माह अगस्त 2024 के प्रथम सप्ताह में शिवशक्ति मन्दिर के निकट स्ट्रीट लाइट खराव हो गई थी उस खराब लाइट को आपके विद्युत विभाग के लाइन मेन बब्लू द्वारा खंबों से लाइट उतारी थी। जो कि आज तक नई लाइट नहीं लगाई गई है। जिससे शिष मन्दिर के निकर काफी अन्धेरा रहता है। आगामी 26 अगस्त दिन सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार है जिससे मंन्दिर में भगवान के दर्शन करने सैकड़ों श्रद्धालु आयेंगे। अधेश रहने के कारण उनके साथ किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने की सम्भावना होगी। इस लिए शीघ्र ही शिवशक्ति मन्दिर के निकर स्ट्रीट लाइट लगवाने की कृपा करे।




# सत्संग और भक्ति दोनों को एक दूसरे की आवश्यकता : शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा को आज सवा माह पूर्ण होने पर विश्राम देते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने बड़े ही सुंदर शब्दों में बताया कि सत्संग और भक्ति दोनों को एक दूसरे की आवश्यकता है, सत्संग करने वाला यदि परमात्मा का भजन नहीं करेगा तो उसका सत्संग निरर्थक है।आज के प्रसाद की सेवा भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गुंजन सुखीजा जी, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री सुरेश खुराना जी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री कपिल गण्डा जी के परिवारों द्वारा सामूहिक रूप से।.श्री कृष्णलाल गाबा निवासी ज्ञान बिहार जी के परिवार द्वारा। कथा के विश्राम पर सभा के अध्यक्ष श्री वेदराज बजाज जी ने सभी श्रोताओं एवं प्रसाद की सेवा करने वालों का श्री सनातन धर्म सभा की ओर से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया,एवं पंडित जी ने सभी भक्तों को आशीर्वाद देकर उनके स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।



# सड़को का सर्वे कर खतरनाक कटो को बंद करायें : डीएम

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने एनएचएआई को हाईवे पर साईनेज लाईटिगं लगाने के दिए निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए शहरी क्षेत्रों के सड़को की डिटेल सर्वे कर खतरनाक कटो को बंद करने के निर्देश दिये, साथ ही सड़क के कटो, मोड़, डायवर्जनों पर कैटआई, साइनेज, रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, नशे में वाहन चलाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाईल प्रयोग व भार वाहनों में यात्रियों को परिवहन करने पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु नियमित पर्वतन अभियान चलाने के निर्देश एआरटीओ, पुलिस को दिये। जिलाधिकारी ने दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए सुरक्षा उपाय के साथ ही स्पीड लिमिट साईनेज लगाने के निर्देश राष्ट्रीय राजमार्ग व लोनिवि के अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा राष्ट्रीय राजमार्ग पर विभिन्न स्थानों पर जंपिंग




जोने बने हुये है जिससे दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है इसलिए जंपिंग जोन स्थानों का एनएचएआई, एआरटीओ, पुलिस टीम को सयुंक्त रूप से सर्वे निरीक्षण कर राष्ट्रीय राजमार्ग के मानको के अनुसार सुधार कराना सुनिश्चित करें। उन्होने प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई को हाईवे पर साईनेज, लाईटिंग लगाने के निर्देश दिये। उन्होने काशीपुर में परमानंदपुर पुल के पास आईजीएल मोड दुरूस्थ करने के निर्देश दिये। उन्होने पुलभट्टा पर बरेली को जाने वाली हाईवे में चढ़ाई पर जो कट है उससे हमेशा दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है वह ब्लेक स्पार्ट भी चिन्हित है उसे ठीक करने हेतु एनएच हल्द्वानी, एनएचएआई, लोनिवि व पुलिस संयुक्त निरीक्षण कर शीघ्र सुधार प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने कहा मानव जीवन अमूल्य है इसलिए किसी भी दुर्घटना होने पर घायलो को चिकित्सालय में लाने पर तत्काल उपचार दिया जाय साथ ही उन्होने इमरजेन्सी सेवाओं को चाक-चौबन्द करने व साकारात्मक रिस्पॉस देने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। उन्होने कहा कि भविष्य में होने वाली सड़क सुरक्षा की आगामी बैठकों में आपेक्षित अधिकारी स्वंय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 मंजूनाथ टीसी ने दुर्घटना के मद्देनजर सड़क के खतरनाक कटों को बन्द करने के साथ ही कटों एवं डायवर्जन पर साईनेज, कैटआई लगाने के साथ ही ओमेक्स, मेट्रोपोलिस, जिला चिकित्सालय, दशमेश द्वार एवं एलआईसी कट के पास रम्बल स्ट्रीप लगाने को कहा व पैदल जाने वाले लोगों के लिए फ्लाईओवर प्रस्तावित करने के निर्देश एनएचआई को दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, अधीक्षण अभियंता लोनिवि हरीश कुमार, अधिशासी अभियंता ओपी सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनोज शर्मा, पीडी एनएचएआई विकास मित्तल, एआरटीओ चक्रपाणी मिश्र, विमल पाण्डे, निखिल शर्मा, जितेन्द्र चन्द्र, सहायक अभियंता लोनिवि पीसी पंत, एसीएमओ डॉ0 राजेश आर्या मौजूद थे।

## सदन में जनहित के मुद्दे उठाने पर विधायक सुमित का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधानसभा सत्र के दौरान सदन में शिक्षा, स्वास्थ्य, जन सुरक्षा और आपदा से जुड़े अहम मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाने से गदगद कांग्रेसियों ने विधायक सुमित का जोरदार स्वागत किया। मानसून सत्र में जनसरोकार से जुड़े अहम मुद्दों शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आपदा को बड़ी मजबूती से सदन में रखने से उत्साहित कांग्रेसजनो ने जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल और महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में विधायक सुमित हृदयेश के निज आवास पहुँच फूलमालाओं से विधायक सुमित हृदयेश का जोरदार स्वागत कर उनका आभार व्यक्त कर किया। जिला महानगर कांग्रेस द्वारा मिले सम्मान से अविभूत हो विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि विधानसभा में जन समस्याओं को उठाने की ताकत उन्हें आप सबने दी है। जिसके लिये वे ताउम्र सबके ऋणी रहेंगे और हमेशा हरसंभव जनसेवा के लिए समर्पित रहेंगे। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि सुमित हृदयेश के रूप में हमें विकास की देवी स्व. इंदिरा हृदयेश की विरासत मिली है जिसे हमे अपने साथ और सहयोग से आगे बढ़ाना है। देश में राहुल गांधी जिस



प्रकार से जनसेवा मे लगे है उसी प्रकार विधायक सुमित हृदयेश भी दिन रात जनसेवा में लगे है। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि सुमित हृदयेश के रूप में हल्द्वानी को युवा ऊर्जावान विधायक का सानिध्य मिला है। जो जनसमस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते है। इनकी ऊर्जा से हम सब मे एक नई स्फूर्ति का संचार होता है तथा इनके मार्गदर्शन में हम सब कांग्रेसजन हमेशा जनसेवा के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में मलय बिष्ट, हेमन्त बगडवाल, सुहैल सिद्दीकी, विनोद दानी, नेत्र बल्लभ जोशी, डॉ. केदार पडलिया, जया कर्नाटक, कमला सनवाल, विमला सांगुड़ी, गीता बहुगुणा, मीमांशा आर्य, मंजू बिष्ट, जीवन सिंह कार्की, सौरभ भट्ट, रणवीर नागपाल, दलजीत नागपाल, देवेंद्र कुमार, जगदीश भारती, पिंकी पांडे, मीनाक्षी नयाल, दीपा टम्टा, पुष्पा मेहता, दीप पाठक, मुकुल बलुटिया, डॉ मयंक भट्ट, जगमोहन बगडवाल, नवीन पांडे, खीम सिंह चौहान, महेंद्र कुमार, प्रदीप नेगी, कौशलेंद्र भट्ट, सुमित कुमार, अमित रावत, सूरज बिष्ट, लाल सिंह पवार, संजय जोशी, नितिन बलुटिया, हेम पांडे, मोहन बिष्ट, गोविंद बगडवाल, संदीप पांडे, हेमन्त साहू, लक्ष्मीकांत, नवीन मेहरा, बबलू बिष्ट, चंदन भाकुनी, देवेंद्र जौहरी, भीमसिंह, संदीप भैसोड़ा, मनोज श्रीवास्तव, अशोक जोशी, कैलाश तिवारी, डॉ बालम बिष्ट, हरीश पलड़िया, हरीश जोशी, मनोज बिष्ट, गोविंद सिंह बिष्ट, हबीबुर्रहमान, तस्लीम अंसारी, कमल मेहता, गौरव मेहता, अरमान खान, अरबाज खान, कमल तिवाड़ी सहित दर्जनों कांग्रेसजनों ने विधायक सुमित हृदयेश का आभार व्यक्त किया।

## प्रकाशोत्सव पर प्रारंभ हुए श्री सहज पाठ का भोग 31 अगस्त को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश उत्सव गुरुपर्व एव गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब जी की 50 वीं वर्षगांठ (स्वर्ण जयंती के उपलक्ष में) पिछले 1 महीने से श्री सहज पाठ साहेब की लड़ी का अंतिम सहज पाठ प्रारंभ हुआ जिसकी संपूर्णता आगामी 31 अगस्त दिन शनिवार को होगी। गत दिवस बीबी हरजीत कौर, कवलजीत कौर एव साथियों ने श्लोक महला नवा साहिब



का कीर्तन के रूप में गायन कर संगत को भाव विभोर कर दिया। जिसके बाद ज्ञानी कमलजीत सिंह ने अरदास और हुकुमनामा पढ़कर संगत को गुरु की आशीषा प्रदान की। अंत में पिछले पाठ के साथ सेवादारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उसके बाद साध-संगत ने गुरु का अटूट लंगर भी छका। मुख्य सेवादार सरदार रणजीत सिंह नागपाल ने समूह साध संगत का धन्यवाद अदा किया। स्टेज संचालन हरविंदर सिंह कुकरेजा एव इंद्रजीत सिंह ने किया। कार्यक्रम में फतेह सिंह, राजेंद्र सिंह गुलाटी, दलजीत सिंह दल्ली, कुलवंत सिंह नागपाल, कुलजीत सिंह, बलवंत सिंह, अवतार सिंह, पवन प्रीत सिंह, बलदीप सिंह आदि गुरु के सेवक मौजूद रहे।

## सब्जी बाजार से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा बाईपास मार्ग पर मोदी मैदान के पास स्थित सब्जी बाजार में सामान लेने आये एक व्यक्ति की मोटरसाईकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में शैमल पुत्र खोकन निवासी ग्राम शांतिनगर, मानपुर ओझा पोस्ट ओफिस अशोक नगर, थाना बिलासपुर ने कहा है कि 14 अगस्त को समय सांय वहें अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06एडी7627 से अपने परिचित सपन मिस्त्री के निवास स्थान संजय नगर खेड़ा से मिलने के लिये आया था। जिसके बाद मोटर साईकिल से मोदी मैदान में लगने वाली सब्जी मार्केट में सब्जी लेने के लिये पहुंचा और अपनी मोटर साईकिल लॉक लगाकर बाजार में खड़ी कर दी। कुछ देर बाद वापस आया तो देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर पर नहीं थी जोकि अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी है। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आवश्यकता है**

श्री वर्धमान किराना मर्चेंट गोल मार्केट रुद्रपुर में **स्टाफ कार्य हेतु युवकों,युवतियों एवं कंप्यूटर बिलिंग** के लिए युवकों एवं

-संपर्क करें-

9837491508

## बढ़ते अपराधों के खिलाफ सड़कों पर उतरी मातृशक्ति

बाजपुर (उद संवाददाता)। बांग्लादेश सहित अनेक देशों के साथ ही भारत देश में महिलाओ के साथ बढ़ रहे दुष्कर्म व हत्या की घटनाओ से नाराज महिला संगठन की सैकड़ों मातृशक्ति नारी सम्मान की रक्षा करने की मांग को लेकर सड़कों में उतर पड़ी। मधुबन क्लस्टर की अध्यक्षा उमा जोशी के द्वारा आयोजित रेली में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा कार्यकत्री, महिला मंगल दल व विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा कोलकाता में एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुए अमानवीय रेप की घटना के खिलाफ प्रदर्शन कर महिला एकता का संदेश दिया। उमा जोशी ने कहा कि यह केवल एक नारी पर नहीं बल्कि हमारी पूरी समाज व्यवस्था पर हमला है। यह समय है हम सब मातृशक्ति इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें और महिलाओं




की सुरक्षा और सम्मान के लिए एकजुट हो।मधुबन कलेक्टर की अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा कि महिलाओ के साथ हो रहे जघन्य अपराध को रोकने के लिए सख्त से सख्त कानून बनना चाहिए और समाज को खुद भी शिक्षित होना पड़ेगा। रैली नगर के अनेक मार्गो से होकर गुजरी। रैली में युवा कल्याण खेल प्रशिक्षक चंद्रिका फोगाट, महिला संगठन की उर्मिला कांडपाल, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूजा जिंदल, आंगनवाड़ी कार्यकत्री वृंदा, प्रेमा जोशी, ममता, अनिता, आशा कार्यकत्री रीता कश्यप, जीत कौर, पूजा शर्मा, रेखा जोशी, अनीता गुप्ता, दमयंती चुफाल स्वयं सहायता समूह की महिलाएं वह विभिन्न संगठनों की महिलाएं उपस्थित रही।

## जोशी ने भ्रमण कर लोगों की समस्याओं का किया निरीक्षण

खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में नौगवा ठग्गू क्षेत्र का भ्रमण किया, जहां उपस्थित लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के समक्ष जल भरन सड़क निर्माण विद्युत पोल पानी के निकासी एवं समस्याओं से अवगत कराया। नगर पालिका में सम्मिलित आशिक नोगवा क्षेत्र के लोगों ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से इस क्षेत्र में कोई भी जनप्रतिनिधि यहां के निवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए आगे नहीं आया। यहां के गरीब मजदूर लोग वर्ष भर दिक्कतों का सामना करते हैं। बरसात के दिनों में तो बच्चों महिलाओं का घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। इस बार की आपदा में लगभग 10 दिनों तक



लोग अपने घरों से बाहर भी नहीं निकाल पाए पानी भरा होने की वजह से लोगों की घरों की दीवारें तक गिर गई प्रदेश कार्यकारी संस्था रमेश चंद्र जोशी ने विश्वास दिलाया कि नगरपालिका में सम्मिलित इस नए क्षेत्र के विकास एवं रोड निर्माण के लिए ठोस कार्य योजना तैयार कर क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में लगातार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण के लिए प्रयास कर रहे हैं वह स्वयं क्षेत्र में विभिन्न स्थानों में जाकर धनी लोगों की समस्याओं को सुनकर तत्काल संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर निराकरण की कोशिश में लगे हुए हैं। उनके साथ क्षेत्र ब्राह्मण में भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री मनोज भादवा राहुल सक्सेना प्रतीक अग्रवाल दीपेश तिवारी प्रदीप गुप्ता करण यादव सुमित सक्सेना कपिल सिंह सर्वेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

**विजय आयुर्वेद क्लीनिक**
**पंचकर्म सेन्टर**

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार.निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द.किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (उधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# संस्कार भारती के मंच पर बृज महोत्सव की धूम





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संस्कार भारती द्वारा आयोजित ब्रज महोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।रुद्रपुर के रुद्रा होटल के सभागार में शनिवार की शाम ब्रज महोत्सव का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा,क्षेत्र संगठन मंत्री वनवासी कल्याण आश्रम डाल चंद, कार्यक्रम अध्यक्ष भारत भूषण चूघ संस्कार भारती अध्यक्ष कुशल अग्रवाल, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके किया गया।संस्कार भारती के अध्यक्ष कुशल अग्रवाल,महामंत्री सुनील शुक्ला एवं कोषाध्यक्ष विमला रानी ने सभी आगंतुकों का विधिवत स्वागत किया।विधायक शिव अरोरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति पूरे विश्व में सर्वाधिक प्राचीन सभ्यताओं में गिनी जाती है।कहा कि श्री कृष्ण के उपदेशों पर आधारित गीता संसार की सभी प्रकार की समस्याओं को दूर करने का मार्ग प्रशस्त करती है।विधायक अरोरा के मुताबिक भारत के तीज त्यौहार एवं यहाँ की गौरवशाली परंपराओं को दुनिया के अन्य देशों के लोग भी तेजी से आत्मसात कर रहे हैं।विधायक अरोरा ने युवा पीढ़ी का आह्वान करते हुए उन्हें सनातन धर्म का योद्धा बताते हुए भारत को पुनः विश्व गुरु की पदवी पाने के लिये युवाओं की भूमिका अहम बताई।ब्रज महोत्सव में जूनियर व सीनियर आयु वर्ग में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने श्री कृष्ण द्वारा बाल्यकाल से लेकर जीवन पर्यंत की गयी लीलाओं को नृत्य कला द्वारा अभिनीत किया। कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने संस्कार भारती द्वारा आयोजित ब्रज महोत्सव को युवाओं को संस्कारवान बनाने में अमूल्य सहयोग देने वाला बताया।उन्होंने समाज से भगवान श्री कृष्ण के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया।ब्रज महोत्सव मे स्कूली बच्चों ने ''गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो'' ''कान्हा सोजा जरा'', ''राधा कैसे न जले,'' वो है अलबेला मद नैनों वाला, ''सपनो में रात में आया मुरलीवाला रे,'' ''मधुवन में राधा'', ''सो जा जरा गोपियों की विनती है कान्हा'' आदि कृष्ण भक्ति पर आधारित गीतों पर नृत्यु की धमाकेदार प्रस्तुति दी। बृज महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले सभी स्कूली बच्चों को संस्कार भारती द्वारा पुरूस्कार वितरित किये गये।इस दौरान वरिष्ठ समाज सेवी जसविंदर खरबंदा,पंकज अग्रवाल, बी एल चोमवाल,विमल मेहरा,युगराज रघुवंशी,विमल मेहरा,राजेश श्यामपुरिया,राजकुमार बिंदल,हरवीर चौधरी,अरुण अग्रवाल,अशोक मित्तल, सुषमा अग्रवाल,अशोक सागर,ललित शर्मा,रश्मि रस्तोगी,शालिनी बोरा कनिका चूघ,ममता त्रिपाठी,दीपा जोशी,मोहन तिवारी,विनोद फौगाट,रवि अग्रवाल, प्रमोद मित्तल,आदि थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शैली बंसल एवं विमल मेहरा द्वारा किया गया।





# सरस्वती शिशु निकेतन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रमों की धूम



रूद्रपुर (उद संवाददाता) ट्रांजिट कैम्प स्थित सरस्वती शिशु निकेतन जूनियर हाईस्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बच्चों के साथ विद्यालय स्टॉफ ने धूमधाम से मनाया। इस मौके पर श्री कृष्ण एवं राधा की कई आकर्षक मनमोहक झांकियां सजाई गई थीं। वहीं स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए कृष्ण बनो प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें अनेक छात्र छात्राओं द्वारा श्री कृष्ण तथा राधा के रूप में सजधज कर मंच पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। श्री कृष्ण एवं राधा के रूप में बच्चों द्वारा किए गए नृत्य को देखकर उपस्थित सैकड़ों लोग तालियां बजाते हुए खुद को भी नाचने से नहीं रोक पाए। वह भी श्री कृष्ण के भजनों पर झूमने लगे। इस दौरान स्कूल का परिसर पूरी तरह से कृष्णमय हो गया। स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर विद्यालय में श्री कृष्ण भक्ति से परिपूर्ण कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। जिसमें बच्चों ने भजन, श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की प्रस्तुति देकर सभी को आनंदित कर दिया। इस मौके पर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय के प्रबंधक इंद्रजीत पॉल, श्रीमती रीमा पॉल गुप्ता, श्रीमती चंद्रावती मंडल, कार्तिक चक्रवर्ती, सपन कुमार पाल, कु. ज्योति आईच, पूर्णिमा हालदार, वंदना पाटीदार, मुन्नी जोशी, सुनीता यादव, रीया डे, पूनम आईच, नंदिता अधिकारी, पूजा, संजना, मुस्कान, सौरव पाल, अमित कुमार, मंजू जोशी, राजधारी, निवर्तमान पार्षद सुशील मंडल, सुखदेव मंडल, दीपक मंडल, दीपा कश्यप, अंकिता आदि शिक्षक एवं अभिभावक तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# रेनुका स्कूल ने धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी उत्सव

## शिवानंद जी महाराज ने दिया बच्चों को आर्शीवाद

बिलासपुर(उद संवाददाता)। डिबडिबा स्थित रेनुका पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परमपूज्य गुरुदेव श्री शिवानन्द जी महाराज का सानिध्य व आशीष वचन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मान्यता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक समिति के जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश तिवारी ने की। इस अवसर पर विद्यालय में पौधारोपण किया गया। जन्माष्टमी पर्व के अपसर पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नृत्य व संगीत के अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान शिवानंद महाराज ने सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनायें दी। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में झम्मन लाल शर्मा, राजकुमार सैनी,अमित शर्मा, बलराम सिंह व समीर उपाध्याय, दीप्ति मेहरा, सिमरन जीत कौर व अभिभावक उपस्थित रहे।




# कृष्ण बनो प्रतियोगिता में हनी कोली बने रमपुरा का कन्हैया

## मीना शर्मा ने विजेता हनी कोली को पहनाया चांदी का मुकुट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रम्पुरा में आयोजित रम्पुरा का कन्हैया प्रतियोगिता में हनी कोली ने प्रतियोगिता को जीत कर रम्पुरा का कन्हैया होने का गौरव प्राप्त किया। पिछले 13 वर्षों से रम्पुरा में लगातार हो रही रम्पुरा का कन्हैया प्रतियोगिता में 50 से भी अधिक बच्चों ने श्रीकृष्ण की वेशभूषा पहनकर प्रतियोगिता में भाग लिया। इससे पूर्व प्रतियोगिता की आयोजक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने सभी कन्हैया बने बच्चों को तिलक किया। श्रीमती शर्मा ने रम्पुरा के वरिष्ठ जनों का पीत वस्त्र डालकर स्वागत भी किया। बाद में सोनू एंड पार्टी द्वारा राधा कृष्ण की सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष श्रीमती शर्मा रम्पुरा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यह आयोजन करती रही है। इस वर्ष भी उन्होंने श्री चुन्नीलाल कोली श्री श्री 1008 परमानंद आश्रम में यहा आयोजन किया था। इस आयोजन के लिए मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और





आतिशबाजी भी की गई। प्रतियोगिता के प्रारंभ से ही रम्पुरा के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतियोगी बच्चों का आना शुरू हो गया था। एक के बाद एक बच्चे श्री कृष्ण की वेशभूषा में प्रतियोगिता स्थल पर पहुंच रहे थे और 50 से भी अधिक बच्चे इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। जिसमें से हनी कोली को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ कन्हैया घोषित कर उन्हें रम्पुरा का कन्हैया घोषित किया गया। उन्हें श्रीमती शर्मा और मुख्य अतिथि ग्राम सैजना के प्रधान विजय यादव और जगदीश कलर लैब के एम डी जगदीश टंडन द्वारा चांदी का मुकुट पहनाया गया और गुलाब के फूलों की माला पहनाकर जन्मदिन केक काटा गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे। सभी हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की, श्री बांके बिहारी लाल की जय के उद्घोष कर रहे थे। जिससे पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया था। यहा श्री कृष्ण और राधा के साथ फूलों की होली भी खेली गई। जिसमे उपस्थित गणमान्य लोग भी नाचते झूमते नजर आए। बाद में आयोजक श्रीमती शर्मा ने सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रतियोगिता की निर्णायक श्रीमती मंजू जैन, श्रीमती पूनम गुप्ता, श्रीमती सरोज रानी, स्वेता शर्मा सहित मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भगवान स्वरूप, विजय गुप्ता, हरपाल सिंह, संजय, सियाराम कोली, विटोला देवी, दयाशंकर कोली, अर्चना शर्मा, मनोज कोली, प्रेम कुमार, अंकित शर्मा, सुशील शर्मा, दीपा, किरण कोली, महेंद्र कोली, राजू, सोनू, सुरेश रस्तोगी, अरविंद सक्सेना सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे। प्रसाद वितरण श्री बीकानेर स्वीट्स के मोहन सिंह, राधेश्याम और लघु व्यापार मंडल के अध्यक्ष, शहर के प्रमुख समाज सेवी गुलशन नारंग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल शर्मा ने किया।


HAPPY
कृष्ण जन्माष्टमी
नंद के घर आनन्द भयो,
जय कन्हैया लाल की,
हाथी घोड़ा पालकी,
जय कन्हैया लाल की
समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई
सुरेश गौरी
वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं निवर्तमान पार्षद, नगर निगम, रूद्रपुर

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## किसानों का आंदोलन

करीब छह महीने से शंभू सीमा पर चल रहे किसानों के आंदोलन और उनकी मांगों पर अब तक कोई सहमति नहीं बन पाई है, तो यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है कि सरकारी तंत्र को इसकी कितनी फिक्र है। जो काम सरकार को खुद अपनी ओर से करना चाहिए था, किसानों से संवाद करके शंभू सीमा को खोलने से लेकर अन्य मसलों पर सहमति बनाने की कोशिश करनी चाहिए थी, उसका रास्ता अदालत को बनाना पड़ रहा है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह किसानों की शिकायतों का 'हमेशा के लिए' सौहार्दपूर्ण समाधान करने के लिए जल्द ही एक बहुसदस्यीय समिति का गठन करेगा। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें उसे अंबाला के पास शंभू सीमा पर लगाए गए अवरोधकों को एक हफ्ते के भीतर हटाने के लिए कहा गया था। वहां प्रदर्शनकारी किसान इस वर्ष की फरवरी से अपनी मांगों के साथ डेरा डाले हुए हैं। यह विचित्र है कि कुछ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित अन्य कुछ मांगों का मसला इतना जटिल मान लिया गया है कि किसानों को इसके लिए छह महीने से सड़क पर धरना देना पड़ रहा है। हालांकि इससे पहले सरकार के साथ एक बैठक के बाद किसान राजमार्ग को आंशिक रूप से खोलने पर सहमत हो गए थे। इस सिलसिले में शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा की सरकारों से कहा कि वे किसानों के साथ संवाद का रास्ता अपनाएं और उन्हें राजमार्ग से अपने ट्रैक्टर और ट्रालियां हटाने के लिए राजी करें। मगर अब भी इससे संबंधित मुद्दों पर कोई सहमति नहीं बन पाई है, तो निश्चित रूप से यह सरकार की नाकामी ही कही जाएगी। यह समझना मुश्किल नहीं है कि इतने लंबे समय से शंभू सीमा पर एक व्यस्त सड़क के अवरुद्ध होने से आम लोगों को कैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा। सरकार के सामने यह प्राथमिक सवाल होना चाहिए था कि वह किसानों की मांगों पर विचार करते हुए, बिना देरी किए वहां आवाजाही को सामान्य बनाने पर सहमति बनाती।

# ढोल नगाड़ों के साथ निकाली श्रीकृष्ण शोभा यात्रा

किच्छा (उद संवाददाता)। जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नगर में धूमधाम से ढोल नगाड़ों के साथ श्रीकृष्ण शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में सर्वप्रथम सनातन ध्वज को लेकर भक्तों ने कृष्ण का गुणांक किया।शोभा यात्रा में शामिल झांकियों को देखने के लिए




बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। कृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण श्याममय हो गया। देर रात्री सनातन धर्म मंदिर पहुंच कर शोभायात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर वर्तमान विधायक प्रयागराज बिहार में बरेली रोड पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी संपन्न कराया तथा भक्तों को प्रसाद वितरण किया।बीते दिवस श्री राधा कृष्ण मंदिर सनातन धर्म सभा समिति ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शोभा यात्रा का आयोजन किया। शोभा यात्रा का शुभारंभ पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामलीला मंच से किया गया। शोभा यात्रा महाराणा प्रताप चौक, मुख्य बाजार, डीडी चौक, बरेली रोड, आवास विकास से होती हुई सनातन धर्म मंदिर में आकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में श्री राधा कृष्ण व अन्य धार्मिक मनोहारी झांकिया प्रदर्शित की गई। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तगण झांकियों को देखने के लिए उमड़ पड़े। शोभायात्रा में शामिल ढोल नगाड़ो और बैंड बाजों ने धुनों ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण राधा कृष्णमय हो गया। नगर के व्यापारियों ने विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। शोभा यात्रा में इलेक्ट्रिक झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। शोभा यात्रा में सबसे आगे चल रहे सनातन ध र्म ध्वज के साथ नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने शामिल होकर प्रभु का आर्शीवाद प्राप्त किया। इस दौरान यातायात व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कोतवाल सुंदरम शर्मा भारी पुलिस बल के साथ शोभा यात्रा में शामिल रहे। विधायक तिलकराज बेहड़ और पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने शोभा यात्रा में शामिल होकर सभी क्षेत्रवासियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर सुदर्शन ठुकराल, सुदेश कक्कड़, विजय पपनेजा, भूपेन्द्र चौधरी, दिनेश भाटिया, संजीव चौधरी, राजेश प्रताप सिंह, महेन्द्र गोयल, सुरेश पपनेजा, सुनीता कश्यप, मनमोहन सक्सेना, ग्यारसी अग्रवाल, बंटी पपनेजा, राजकुमार बजाज, विजय अरोरा, गुलशन सिंधी, दलीप सिंह बिष्ट, विवेक राय, मुकेश कोली आदि रहे।

# राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य विनय प्रताप सिंह ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य विनय प्रताप सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को सफाई कर्मियों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हमें अपने प्रदेश को साफ–सुथरा रखने के लिए इंदौर के मॉडल से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान में महिलाओं और बच्चों के माध्यम से जागरूकता पैदा एवं लोगों को स्वयं सफाई अभियान में भागीदार बनना होगा। राज्यपाल ने कहा कि



सफाई कर्मी हमारे बेहद श्रद्धा और पूरे मनोयोग से कार्य करते हैं। उन्हें आधुनिक उपकरण के साथ–साथ टेक्नोलॉजी का प्रयोग किए जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए साथ ही उनकी समस्याओं का निरंतर समाधान किया जाना जरूरी है। इस अवसर पर श्री विनय प्रताप ने राज्यपाल से प्रदेश की निकायों में वर्षों से कार्यरत संविदा/मौहल्ला स्वच्छता समिति सफाई कार्मिकों के नियमितीकरण, उत्तराखण्ड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाए जाने और सफाई कर्मचारियों हेतु बीमा नीति फिर से चालू कराने तथा कर्मचारियों का बीमा 10 लाख किए जाने हेतु अनुरोध किया। राज्यपाल ने उपरोक्त विषयों पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# भदईपुरा में कूड़ा डालने से भड़के लोगों ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम द्वारा भदईपुरा में शहर का कूड़ा डालने के खिलाफ स्थानीय लोगों का गुस्सा आज भड़क उठा । भदईपुरा, रेशमबाड़ी सहित आस पास के लोगों ने आज मौके पर पहुंचकर नगर निगम व जिलाधिकारी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए कूड़ा डालने आये वाहनों को बैरंग वापस लौटा दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भदईपुरा में फोरेंसिक लैब के पास पूर्व में खाली भूमि से मिट्टी निकाल कर लाखों का घोटाला किया गया। अब इसके बाद इस स्थान पर निगम द्वारा वाहनों से नगर का कूड़ा डाला जा रहा है। जिससे उठने वाली दुर्गंध से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है और संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने जिलाधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिलाधिकारी ने पहाड़गंज से कूड़े का पहाड़ समाप्त करने का दावा तो किया है परंतु अब भदईपुरा में कूड़े का पहाड़ बनाना शुरू कर दिया है जो क्षेत्रवासियों के साथ धोखा है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने



कहा कि क्षेत्रवासी यहां कूड़ा नहीं डालने देंगे चाहे प्रशासन कितना ही दबाव डाल ले। यदि प्रशासन ने जबरदस्ती कूड़ा डालने की कोशिश की तो यहां पर



बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जायेगा। इस दौरान रजत यादव, सचिन वर्मा, विशाल वर्मा, निखिल यादव, संतोष वर्मा, सुरेश वर्मा, वीरा, विनोद सागर, ठाकुर दास, दिनेश यादव, शंकर पासवान, रदेश उपाध्याय, प्रेमपाल यादव, लक्ष्मी, दिलसुख, विमल यादव, विमला देवी, ईश्वर शर्मा, हरीश वर्मा, संजय ठुकराल, मनीष गंगवार, अंशु सिंह, विजय गर्ग, गगन गर्ग, गुन्नू यादव, ब्रजेश यादव, विमल यादव, रामप्रकाश यादव, गब्बर, अजय यादव, विवेक वर्मा, विजय यादव सहित तमाम लोग शामिल थे।

# जिला प्रभारी सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक

## डीएम को आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए 15 लाख रुपए की स्वीकृति का अधिकार

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिले प्रभारी सचिव/ सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास, वित्त, राज्य संपत्ति उत्तराखंड शासन विनोद कुमार सुमन ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा की। जनपद दौरे पर पहुंचे सचिव ने आपदा प्रबंध न की समीक्षा के बाद जिले में संचालित केंद्रीय फ्लैगशिप योजनाओं, कार्यक्रमों और विकासात्मक कार्यों, सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। डीएम अनुराधा पाल ने शासन स्तर पर लम्बित महत्वपूर्ण प्रकरणों के बारे में प्रभारी सचिव को जानकारी दी। डीएम ने खोली में जिला अस्पताल के लिए चिन्हित भूमि एवं क्रिटिकल केयर यूनिट तथा एएनएम सेंटर, ट्रांजिट हॉस्टल, वन स्टॉप सेंटर, खोली में खेल मैदान, जिला मुख्यालय में सिविर लाइन, झूला पुल, हैलीपैड, कुंती नाला में बाढ़ सुरक्षा के कार्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इन सभी के प्रस्ताव शासन को भेजे गए है, जिनकी मंजूरी मिलनी है।जिस पर प्रभारी सचिव ने जिला अस्पताल और क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए अलग –अलग प्लान बनाने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण की कार्यदायी संस्था यूपी पेयजल निर्माण से चिकित्सा विभाग को ट्रांजिस्ट हॉस्टल हस्तगत कराने के साथ अवशेष कार्यों को लेकर कमेटी गठित कर धनराशि की आवश्यकता होने पर धनराशि आवंटित कर दी जाएगी। बागेश्वर बाईपास टनल के प्रस्ताव को देखते हुए सचिव ने नेशनल हाइवे को भविष्य के खतरों एवं सुरक्षा के दृष्टिगत प्रस्तावित टनल के अध्ययन करने के निर्देश दिए। सचिव ने मंडलसेरा में जल भराव की समस्या से तात्कालिक राहत दिलाने के लिए इंटरलॉकिंग टाइल के लिए प्रस्तावित 74 लाख की धनराशि शासन से शीघ्र जारी करने का भरोसा दिया। झूला पुल को लेकर सचिव ने डीएम को सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट के अध्ययन करने के बाद आगे की कार्रवाई करने को कहा। सचिव ने अधिकारियों को जानकारी देते हुए कहा कि आपदा के मानकों में बढ़ोतरी की गई है। मानकों के अनुरूप आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए15 लाख तक आगणन जिलाधिकारी स्तर से ही आगणन स्वीकृत किए जाएंगे। सचिव ने कहा आपदा से क्षतिग्रस्त परिस्थितियों के पुन: निर्माण को लेकर कतई भी धन की कमी नही है।आपदा से लगातार क्षतियाँ हो रही है। विभाग क्षतियों का आंकलन कर गुणवत्तापूर्ण काम के लिए दूरगामी कार्य योजना तैयार करें। फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए सचिव ने जल निगम की अवशेष 92 योजनाओं और जल संस्थान की योजनाओं को टाईमलाईन देने के निर्देश ईई को दिए। सचिव ने सिंचाई विभाग कपकोट के शेष 140 जल संयोजन अगले



एक माह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। सचिव ने पीएमजीएसवाई, ब्रीडकुल, वैपकोस, नेशनल हाइवे, पीडब्ल्यूडी के तहत निर्माणाधीन मोटर पुल व सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कृषि विभाग की मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आरकेवाई योजना, फार्म मशीनरी बैंक, आतमा योजना, और उद्यान विभाग की राष्ट्रीय बागवानी मिशन, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास की प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना, वन स्टॉप सेंटर आदि योजनाओं की समीक्षा की। सचिव ने प्रधानमंत्री आवास शहरी की समीक्षा करते हुए 440 आवास के सापेक्ष 225 आवास पूर्ण होने के बाद अवशेष अध ूरे आवासों के कार्यों का जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा करते हुए सचिव ने उद्योग और श्रम विभाग को श्रमिकों के काम को और आसान बनाने के लिए टूलकिट देने को कहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सचिव ने सीएमओ को निर्देश देते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए गर्भवती महिलाओं को ट्रैक किया जाए। गर्भवती महिलाएं जिनका प्रसव होने वाला है उन्हें समय रहते नजदीकी चिकित्सालय में लाया जाए। कौशल विकास और सेवायोजन विभाग की समीक्षा करते हुए सचिव ने वर्तमान में बाजार की आवश्यकता को देखते हुए ट्रेंड का चयन करने के निर्देश दिए। साथ ही इस बार प्रशिक्षण के लिए चयन अभ्यर्थी की रिपोर्ट भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिले में सफल प्रयोग में कीवी का प्रमुख स्थान रहा है। किसानों का रुझान कीवी उत्पादन में बड़ा है। वर्तमान में जिले में 800 कुंतल कीवी का उत्पादन किया जा रहा है जबकि बाजार में करीब 10 टन कीवी की मांग है। वर्तमान में ढाई सौ रुपये प्रति किलो किसान सीधे अपने बाग से ही कीवी बेच रहा है। सचिव ने कीवी उत्पादन को और बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने ताम्र उद्योग को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया तथा पर्यटक स्थलों पर ताम्र उत्पादों को रखा जाए। सचिव ने घेस और कुटकी आदि जड़ी बूटियों को भी बढ़ावा देने के निर्देश सीडीओ को दिए। सचिव ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की और प्रत्येक अधिकारी को शिकायतकर्ता की समस्याओं का समाधान के लिए उनकी बात को गम्भीरता से सुनने के निर्देश दिए ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट होकर जाएं। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने बैठक में प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जिले में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी।बैठक में दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती बिष्ट, विधायक कपकोट सुरेश गड़िया, जिलाध्यक्ष भाजपा इंद्र सिंह फर्स्वाण, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, जिला पंचायत सदस्य हरीश ऐठानी, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कपकोट गोविंद सिंह बिष्ट, गौरव दास, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कुमार आदित्य तिवारी, उपजिलाधि कारी मोनिका, अनुराग आर्या, जितेंद्र वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, सेवायोजन अधिकारी प्रवीण गोस्वामी, अर्थ एवं संख्याधिकारी दिनेश रावत समेत अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# टाटा ऑटोकोम लिमिटेड में सिक्स सिग्मा के छात्र छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, रुद्रपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के 42 छात्र-छात्राओं ने टाटा ऑटोकोम लिमिटेड, रुद्रपुर में औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन श्री रजत धवन (ट्रैनिग एंड प्लेसमेंट हेड) द्वारा किया गया। इस यात्रा ने न केवल व्यावहारिक परिप्रेक्ष्य प्रदान किया बल्कि कक्षा ज्ञान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच अंतर को भी पाठ दिया। छात्रों का औद्योगिक भ्रमण कंपनी के एच.आर. हेड आनंद जोशी, भूपेंद्र सिंह एवं जसविंदर सैनी द्वाराकराया गया इस भ्रमण से सभी छात्र बहुत उत्साहित हुए और उनमे भी हर्षोउल्लास की लहर दौड़ गयी । छात्र-छात्राओं के भ्रमण का सम्पूर्ण कार्यक्रम संस्थान की अध्यापिका शिल्पा विश्वकर्मा तथा प्रमोद कुमार के निर्देशन में हुआ। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक ब। शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य श्री ललित सिंह बिष्ट, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, शिल्पा विश्वकर्मा एवं प्रमोद कुमार एवं संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।




# होली चाइल्ड में जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। होली चाइल्ड के प्रांगण में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में हर्षोल्लास व भक्तिभावपूर्ण कार्यक्रम किया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों के मासूम आकर्षण व मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण दही हाँडी, कृष्ण जन्मोत्सव, दशावतार और द्रौपदी चीरहरण थे। जोकि छात्रों की भारतीय पौराणिक कथाओं की समझ को प्रदर्षित करते हैं। सभी बच्चों के उर्जावान प्रदर्शन ने रोमांचित किया।इस अवसर पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन श्री विकास बत्रा ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने श्री कृष्ण के जीवन और शिक्षाओं पर व्यवहारिक विचार साझा किए, जिसमें उन्होंने प्रेम, करूणा और ज्ञान के कालातीत संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि हमें कर्म अपनी पूरी निष्ठा व लगन से करना चाहिए जिससे कि सफलता मिल कर रहती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मिंटू दूबे ने जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति करने वाले सभी छात्रों तथा उनके प्रशिक्षकों के समर्पण, रचनात्मकता व उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की, जिस कारण जन्माष्टमी का कार्यक्रम बेहद सफल रहा।इस अवसर पर विद्यालय की एमङ्कडीङ्क श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, उप-प्रधानाचार्य श्री प्रदीप कुमार जोशी, श्रीमति मंजू अधिकारी एवं समस्त शिक्षकों ने सभी को हार्दिक शुभकामनाऐं दीं।




# सूदखोरों के उत्पीड़न पर होगी कड़ी कार्यवाही: चौहान

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर में सूदखोरों,साइबर क्राइम, नशाखोरी नियमों को लेकर जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी जसवीर सिंह चौहान और सीओ ने कहा कि यदि कोई सूदखोर किसी भी व्यक्ति का उत्पीड़न कर रहा है, तो उसकी शिकायत संबंधित थाना-चौकी में करें। सीओ अन्न राम आर्य ने बैठक में कहा कि सूदखोरों से निपटने में पुलिस व आमजन को साझा प्रयास करना होगा। उन्होंने थाना प्रभारियों से सूदखोरों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने को कहा। बताया राज्य में बढ़ते सूदखोरी को देखते हुए शासन ने एसआईटी का गठन किया है। उन्होंने बताया इस मामले में डीआईजी (कुमाऊं) वाईएस रावत के नेतृत्व में एसपी रुद्रपुर मनोज कुमार कत्याल, सीओ खटीमा विमल रावत, एसओजी निरीक्षक संजय पाठक सूदखोरी के मामले में काम कर रहे हैं। सीओ ने आश्वास्त किया कि अब सूदखोर मनमानी व गुंडागर्दी नहीं कर सकेंगे। इस मौके पर ईओ संजीव मल्होत्रा,एस.आई पंकज बेलबाल, निर्वमान अध्यक्ष गुलाम गौस, निर्वमान चौयरमैन पति गुलरभोज तरुण दुबे, केलाखेड़ा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मौ शफी,प्रधान पति सराफत अली मंसूरी, शाकिर अली, विल्लन चौधरी, सलीम बाबा, सिराजुद्दीन, सराफत अली, वकानैनिया प्रधान मंगल सिंह, बब्बू प्रधान, गोविन्द सिंह, संजय सिंह, जसीवर सिंह, काली प्रधान, परम जीत सिंह, यूनुस उस्मानी आदि थे।



# नगर में कैबिनेट मंत्री ने कराया चौतरफा विकास: चेयरमैन खतीब

सितारगंज(उद संवाददाता)। बलीनगर वार्ड में मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन की भीड़ उमड़ी रही। यहां राज्य हज कमेटी के चेयरमैन खतीब अहमद, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि क्षेत्र निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। आगामी नगर पालिका चुनाव में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल बना हुआ है। नगर के वार्ड नंबर 10 बलीनगर में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया



था। जिसमें लोगों की भीड़ उमड़ी रही। यहां राज्य हज कमेटी चेयरमैन खतीब अहमद ने कहा नगर में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विकास के आयाम लिखे है। जिसमें सरकारी अस्पताल का उच्चीकरण, भव्य बिल्डिंग निर्माण, रोडवेज बस स्टेशन, शहरी क्षेत्र में 5 किलोमीटर तक सड़कों का जाल बिछाना। नगर में पार्क और पार्किंग निर्माण की नगरवासियों को सौगात दी है। जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा सभी वर्गों का विकास कर रहे हैं। उन्होंने नगर पालिका चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने की अपील की। इस दौरान निवर्तमान सभासद पंकज गहतोड़ी, अकरम बैग, मुशीर लारी, आयोजन कर्ता तौफीक अहमद आदि ने विचार रखे। इस मौके पर आजम मलिक, यूसुफ मलिक, फारुख अली, मुश्ताक, अली हसन, बाजिद, रोशन सिंह आदि मौजूद थे।

# मोह नींद में सोए जीवों को जगाने आते हैं संत महापुरुष: श्री हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। यहां श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एंव संत स्वामी



श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति विपत्तियों, बाधाओं व परेशानियों से लड़ने की क्षमता रखता हो वही जीवन के विकास का सच्चा आनंद प्राप्त कर सकता है। महानता के काम करना लेकिन अपने को महान मत समझना। जीवन में वही आगे बढ़ सकते हैं जो व्यर्थ के उलझाव व टकराव से बचने की कोशिश करते हैं। संसार के सभी जीव मोह रूपी रात्रि में सोए हुए हैं मोह नींद में सोए उन जीवों को जगाने ही आते हैं सभी संत, महापुरुष यहां तक की परमात्मा भी। इस संसार रूपी रात्रि में मात्र परमार्थी व प्रपंच से वियोगी लोग ही जागते हैं। उन्होंने कहा कि भूतकाल से प्रेरणा लें, हो चुकी गलतियों को सुधारें, भविष्य के लिए योजनाएं चाहे बनाएं लेकिन वर्तमान में जीना सीख लें। क्रोध व आवेश बात बात में आ जाता है। लेकिन ऐसा क्रोध व आवेश जिसके आने पर हम अपने होश खो बैठें, विवेक को जागृत ना रख सके, उचित अनुचित का बोध हमें ना रहे,हमारे जीवन के लिए अच्छा नहीं है।श्री हरि कृपा धाम आश्रम में श्री महाराज जी के दर्शनों व दिव्य अमृत वचनों को सुनने के लिए दिनभर भक्तों का ताँता लगा रहा।कल 26 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी में रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन होगा । जिसमें स्थानीय व देश के विभिन्न भागों से हजारों श्रद्धालु पहुँचेंगे।

# कोर्ट के आदेश पर मारपीट की रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने घर में घुसकर परिजनों पर हमला करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में नवाब अली पुत्र इस्तयाक अली निवासी पहाडगंज, वार्ड 15 ने असगर, छोटे, अबरार, जावेद, शाकिल. नन्हे, फैसल, इक्लास, अखलाक,साहिल, इशरत, मारूफ, मकसूद, सलमान, अमन, अमीर अहमद, नाजिश आदि निवासी पहाड़गंज के विरूद्ध कहा है कि 21मार्च2024 की सुबह वह नमाज पढकर मस्जिद से निकल कर अपने घर पहुँचा ही था तभी पहले घात लगाये बैठे पहाडगंज के रहने वाले उक्त लोग उसके घर में घुस आये और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। जिससे उसे गुम व खुली चोटे आयीं है।` चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी बीबी व लडके रिजवान, फैजान, बिलाल उसे बचाने लगे तो उनके ऊपर भी हमलावरो ने हमला कर दिया जिसमें उनके भी चोट आयी। हमलावर उसकी पत्नी से अभद्रता कर उसके गले से सोने की चैन भी खीचकर ले गये। घटना की सूचना पुलिस को देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पेज एक का शेष...

**सीबीआई ने हरक सिंह..**हरक सिंह रावत ने किशन चंद की तैनाती से लेकर दूसरी निर्माण कार्य से जुड़ी अनुमतियों तक कुछ महत्वपूर्ण और गोपनीय दस्तावेज सीबीआई को सौंपे हैं। जो कि इस मामले की जांच में अहम भूमिका निभा सकते हैं।बता दें कि जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व की पाखरो रेंज में 106 हेक्टेयर वन क्षेत्र में टाइगर सफारी का निर्माण होना था। लेकिन 2019 में इसका निर्माण कार्य बिना अनुमति के ही शुरू कर दिया गया। इस मामले में अधिकारियों ने ठेकेदारों की मिलीभगत से 215 करोड़ रुपये बर्बाद कर दिए थे। इस मामले में पिछले साल विजिलेंस के हल्द्वानी सेक्टर में मुकदमा दर्ज किया गया था। विजिलेंस ने इस मामले में जांच के बाद बृजबिहारी शर्मा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पूर्व डीएफओ किशनचंद को भी गिरफ्तार किया गया था। 30 अगस्त को इस मामले में विजिलेंस ने पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत के बेटे के कॉलेज और एक पेट्रोल पंप पर भी छापा मारा था। यहां से विजिलेंस ने एक सरकारी जनरेटर बरामद किया था। जिसके बाद हाई कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। सात जनवरी को ईडी ने हरक सिंह रावत के ठिकानों पर ताबड़ तोड़ कार्रवाई की। इसके बाद से मामले में सीबीआई जांच जारी है।

**हत्याकांड के आरोपी..** पुलिस को सूचना मिली की ग्राम चेतुवाखेड़ा दो सगे भाई बलविन्द्र सिंह व बन्टी पुत्र स्वरूप सिंह पर धारधार हथियार से हमला कर एक को घायल कर दिया है जबकि दुसरे बलविन्द्र सिंह की मौत हो गई है। दोनों आरोपी हत्याकाण्ड करने के बाद मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाष में आसपास में दविश दी। पुलिस ने दोनों को पास के ही गांव देवीपुर से भजन सिंह के घर आरोपी दोनों भाई जो कि मृतक के रिश्ते चाचा लगते है उन्हें गिरफ्तार कर लिया, जिनके नाम मलकीत सिंह पुत्र महैन्द्र सिंह, मिल्खा सिंह पुत्र महैन्द्र सिंह है। पुलिस ने दोनों को कार्ट में पेष किया है। दोनों के पास से एक रामपुरी चाकु डण्डा बरामद हुंआ है। पुलिस टीम में प्रकाश दानु कोतवाल खटीमा, देवेन्द्र गौरव थानाध्यक्ष, अनिल जोषी थानाध्यक्ष झनकईया, उप नि. अशोक काण्डपाल, उप नि कीर्ति भटट, उप नि पंकज मैहर,उप नि कृपाल सिंह, हेका नवनीत कुमार नवीन जोशी, प्रकाश आर्या, आदि शामिल थे।

**मारपीट से आक्रोशित...**जिला महामंत्री नितिन चरन बाल्मिकी ने बताया कि शनिवार को पालिका कर्मी श्याम बाबू पुत्र स्वर्गीय जोसेफ अन्य कर्मचारियों के साथ वार्ड नंबर 17 में अपनी ड्यूटी पर पोलो पर विद्युत लाइट लगाने का कार्य कर रहा था की इसी बीच वही का निवासी राजेश उर्फ रज्जी जबरन सरकारी वाहन से जबरन विद्युत लाइट ले जाने लगा ड्यूटी पर कर्मचारी श्याम बाबू ने ऐसा करने से मना किया तो राजेश उर्फ रज्जी आग बबूला हो गया तथा गाली गलौज करते हुए कर्मचारी श्याम बाबू के साथ मारपीट कर दी तथा धमकी दी की वह उसे नौकरी से निकलवा देगा मारपीट के दौरान कर्मचारी के कपड़े भी फाड़ दिए। घटना की सूचना मिलने पर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले पालिका के कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर जोरदार प्रदर्शन किया। अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह के कार्यालय में न होने पर सभी हड़ताली कर्मचारी जोरदार प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे तथा दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की तथा कर्मचारियों की सुरक्षा की गुहार भी लगाई। गुस्साए हड़ताली कर्मचारियों ने एसडीएम से दो टूक कहा कि जब तक पालिका कर्मी के साथ मारपीट करने वाले राजेश उर्फ रज्जी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होगी तब तक सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार पर रहेंगे। एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि उनको न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता एवं जिम्मेदारी है। इस मौके पर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, नितिन चरन, शाखा अध्यक्ष कैलाश वाल्मीकि, अरुण, राहुल, रवि, संदीप, अजय कुमार, राजेश, नाथूलाल, अनूप, टोनी, सुंदरलाल, सुरेश, मोहित ,विजय कुमार ,चंद्रपाल, राजेंद्र सिंह, नरेश, विशाल, विनोद कुमार ,रामचंद्र, मीना आदि सभी कर्मचारी मौजूद थे।

**भ्रष्टाचार में लिप्त...**` जिस कारण आये दिन दुर्घटनायें घटित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि तस्लीम जहां मामले की सीबीआई जांच कराई जाये ताकि वास्तविकता सामने आ सके। सभा को युंका प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, महासचिव निशांत शाही आदि ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान अराज सिद्धू, रंजीत राणा, किशोर कुमार, हरिन्दर पाल, सोफिया मानी, फैजल खान, बबलू चौधरी, रंजीत सिंह, दर्शन कोली, गुड्डू तिवारी, सौरभराज बेहड़, मोहन कुमार, आसिम पाशा, साहल कक्कड़, परवेज कुरैशी, डॉली साना, मोनिका ढ़ाली, उमा सरकार, मीना शर्मा, सचिन शर्मा, प्रकाश अधिकारी, अभिषेक हाल्दार, बंटी पपनेजा, राघव चड्डा, रविन्द्र गुप्ता, तसलीम रजा आदि मौजूद थे।

**डीडी चौक व ..**व वॉलिटियर दिलजीत सिंह, करनैल सिंह, जसप्रीत सिंह इत्यादि उपस्थित रहे। यातायात निरीक्षक श्री नरेंद्र आर्य, टी एस आई श्री धनपाल सिंह, हेड कानिव इन्द्र भंडारी, हेड कानिव रवींद्र सिंह, हेड कांस्टेबल राजेंद्र प्रसाद हेड कांस्टेबल सुरेश नाथ हेड कांस्टेबल सुरेश लाल कानिव जितेंद्र तिवारी, कांस्टेबल कैलाश सिंह क्रेन चालक ऑपरेटर चालक योगेश जोशी होमगार्ड कर्मचारी गण व वॉलिटियर दिलजीत सिंह, वालंटियर करनैल सिंह वालंटियर जसप्रीत सिंह इत्यादि उपस्थित हैं।

**पीएम मोदी ने ...**आत्मीय लगाव को प्रदर्शित करता है। सीएम ने कहा कि में आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने स्पेस सेक्टर, स्टार्टअप, राजनीति में युवाओं की भागीदारी, पर्यावरण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी ने पेरिस में होने वाले पैराओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों को चीर फॉर भारत के माध्यम से प्रोत्साहित करने का आवाहन किया है। आप समस्त प्रदेशवासियों से अपील है कि श्एक पेड़ माँ के नामश अभियान की भांति ही खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु इस अभियान में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

**एक घंटे तक नहीं ...**लोगों के मुताबिक अल्मोड़ा को जा रही एक एम्बुलेंस में दोनों घायलों को सीएससी भवाली भेजा गया। सीएससी में दोनों का काफी देर तक इलाज चला। वहां भी 108 सेवा में चालक नहीं होने के चलते घायलों को नहीं ले जाया गया। इस दौरान दोनों घायल काफी देर तक अस्पताल में ही तड़पते रहे। लोगों ने सीएमओ नैनीताल को फोन कर एम्बुलेंस मंगाकर घायलों को हल्द्वानी भेजा। जहां एंबुलेंस में ले जाते हुए घायल विवेक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। लोगों का कहना है कि अगर समय से एंबुलेंस मिल जाती तो विवेक की जान बचाई जा सकती थी।

**कर्मचारियों को मनाने...**राय जगरूप सिंह गोल्डी,पूरन भट, चंदन जायसवाल, महेंद्र पाल, सहित दो दर्जन लोग मौजूद ।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

